Seat No. : _____

JL-106

January-2021

B.A., Sem.-III

EC-II-204 : Hindi

(सूरज का सातवाँ घोड़ा – उपन्यास)

Time : 2 Hours] **[Max. Marks : 50**

खण्ड – I

निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **42**

1. धर्मवीर भारती के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालिए ।
2. उपन्यास की परिभाषा देकर उसके प्रमुख तत्त्वों की चर्चा कीजिए ।
3. 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास का कथानक अपने शब्दों में लिखिए ।
4. "'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास में आज़ादी के बाद भारतीय लोगों का सामाजिक जीवन चित्रित है ।" समझाइए ।
5. माणिक मुल्ला की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए ।
6. जमुना का चरित्र-चित्रण कीजिए ।
7. तन्ना का चरित्र-चित्रण कीजिए ।
8. निम्नलिखित परिच्छेद का संक्षेपण कीजिए :

कहानियों की टेकनीक के बारे में उनका सबसे पहला सिद्धान्त था कि आधुनिक कहानी में आदि, मध्य या अन्त, तीनों में से कोई-न-कोई तत्त्व अवश्य छूट जाता है । ऐसा नहीं होना चाहिए । उनका कहना था कि कहानी वही पूर्ण है जिसमें आदि में आदि हो, मध्य में मध्य हो और अन्त में अन्त हो । इनकी व्याख्या वे यों करते थे : कहानी का आदि वह है जिसके पहले कुछ न हो । बाद में मध्य हो, मध्य वह है जिसके पहले आदि हो बाद में अन्त हो । अन्त उसे कहते हैं जिसके पहले मध्य हो बाद में रद्दी की टोकरी हो । कहानियों की टेकनीक के बारे में उनका दूसरा सिद्धान्त यह था कि कहानियाँ चाहे छायावादी हों या प्रगतिवादी, ऐतिहासिक हों या अनैतिहासिक, समाजवादी हों या मुसलिमगिरी, किन्तु उसमें कोई-न-कोई निष्कर्ष अवश्य निकलना चाहिए । वह निष्कर्ष समाज के लिए कल्याणकारी होना चाहिए ऐसा उनका निश्चित मत था और इसलिए यद्यपि उन्होंने जीवनभर कोई कहानी नहीं लिखी पर वे अपने को कथा-साहित्य में निष्कर्षवाद का प्रवर्तक मानते थे । कथा-शिल्प की पूरी प्रणाली वे इस प्रकार बताते थे : कुछ पात्र लो और एक निष्कर्ष पहले सोच लो, जैसे .... यानी जो भी निष्कर्ष निकालना हो, फिर अपने पात्रों पर इतना अधिकार रखो, इतना शासन रखो कि वे अपने-आप प्रेम के चक्र में उलझ जायें और अन्त में वे उसी निष्कर्ष पर पहुँचे जो तुमने पहले से तय कर रखा है ।

खण्ड – II

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **8**

(1) धर्मवीर भारती का जन्म कब हुआ था ?

(a) 1926 (b) 1936

(c) 1930 (d) 1940

(2) फ्रॉयड के दर्शन से प्रभावित उपन्यास इनमें से किस कोटि में आते हैं ?

(a) मनोवैज्ञानिक (b) ऐतिहासिक

(c) सामाजिक (d) आँचलिक

(3) धर्मवीर भारती ने किस पत्रिका का संपादन किया था ?

(a) धर्मवीर (b) धर्मयुद्ध

(c) धर्मयुग (d) धर्मराग

(4) 'सूरज का सातवाँ घोड़ा' उपन्यास की भूमिका इनमें से किसने लिखी है ?

(a) धर्मवीर भारती (b) यशपाल

(c) अज्ञेय (d) प्रसाद

(5) मुल्ला के बापदादे इनमें से कौन–से थे ?

(a) पंजाबी (b) काश्मीरी

(c) सिन्धी (d) राजस्थानी

(6) पाँचवीं दोपहर का शीर्षक क्या है ?

(a) घोड़े की नाल (b) नमक की अदायगी

(c) काले बेंट का चाकू (d) क्रमागत

(7) माणिक मुल्ला किसके नमक की अदायगी करते हैं ?

(a) जमुना (b) सत्ती

(c) लिली (d) सन्तो

(8) चमन ठाकुर कौन था ?

(a) रिटायर्ड शिक्षक (b) रिटायर्ड क्लर्क

(c) रिटायर्ड फौजी (d) इनमें से कोई नहीं